आकाशवाणी शिमला

09.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945जे

<u>मुख्य समाचार</u>

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का एच.ए.एस. अधिकारियों से उचित दृष्टिकोण, समर्पण व सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने का आहवान।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश में हरित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए सरकार तेजी से विकसित कर रही है ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर।
- भाजपा सांसद सुरेश कश्यप का दावा प्रदेश में जल्द बन सकती है भाजपा की सरकार।
- राष्ट्रपति निवास मशोबरा में 15 से 20 अप्रैल तक आयोजित होगा उद्यान उत्सव।

<u>राज्यपाल</u>

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों से कहा है कि वे प्रशासक की तरह काम करें और एक मार्गदर्शक, सहयोगी व दोस्त की तरह आम जनता से संवाद स्थापित करे। राज्यपाल आज राजभवन शिमला में उनसे मिलने आए हिमाचल प्रशासनिक सेवा के 22 अधिकारियों और वर्ष 2024 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने प्रशासनिक सेवाओं के दौरान सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, समर्पण और संतुलित स्वभाव जैसी विशेषताओं को आचरण में शामिल करने पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने सभी अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और उचित दृष्टिकोण, समर्पण व सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने का आहवान किया। इस बीच इटली में आयोजित स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में स्नो बोर्डिंग स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली शिमला की हर्षिता ठाकुर ने आज राजभवन में राज्यपाल से भेंट की। राज्यपाल ने हर्षिता को शॉल और टोपी भेंट कर सम्मानित किया और इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में हरित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए सरकार तेजी से ईवी इंफ्रास्ट्रक्टचर विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए अभी तक प्रदेश में 6 ग्रीन कोरिडोर विकसित किए जा चुके हैं ताकि इलैक्ट्रिक वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने 4 सौ 2 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने को भी मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की इस पहल का उद्देश्य राज्य में एक मजबूत और प्रभावी ईवी चार्जिंग नेटवर्क विकसित करना है। उन्होंने कहा कि इससे सरकारी विभागों में इलैक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में सुविधा के साथ–साथ हरित परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। ये कदम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सभी विभागों को इलैक्ट्रिक वाहन खरीदने के निर्देश दिए हैं।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे नवकार महामंत्र दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए 9 संकल्पों के पालन का प्रण लें और मानवता के विकास में अपना सहयोग दें। जयराम ठाकुर ने कहा कि ये नवसंकल्प अपने जीवन में उतार कर स्वयं को स्वस्थ और प्रसन्न रखने के साथ–साथ पर्यावरण का संरक्षण करेंगे और आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर भविष्य देकर जाएंगे। जयराम ठाकुर ने आज दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री नीतिन गडकरी से भी भेंट की और जंजैहली–चैलचौक–नगवान सहित प्रदेश की विभिन्न सड़कों को चौड़ा करवाने का आग्रह किया।

नरेश चौहान

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में विपक्षी दल भाजपा की भूमिका नकारात्मक रही है। नरेश चौहान ने आज शिमला में एक पत्रकारवार्ता में कहा कि भाजपा को विपक्ष में बैठकर बैचेनी हो रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने मण्डी से भाजपा सांसद कंगना रणौत पर बिजली के बिल को लेकर जबरन सुर्खियां बटोरने का आरोप भी लगाया। नरेश चौहान ने कहा कि प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार आज कई बड़े फैसले ले रही है और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी का जल्दी गठन होगा।

बिजली बोर्ड

राज्य बिजली बोर्ड के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार ने मण्डी से भाजपा सांसद कंगना रणौत द्वारा अपने जनवरी व फरवरी के बिजली के बिल को लेकर लगाए गए आरोपों को निराधार करार दिया है। संदीप शर्मा ने शिमला में कहा कि कंगना रणौत ने वास्तव में अपने बिजली के बिलों का समय पर भुगतान नहीं किया है जिस कारण उनका मार्च महीने में बिल 90 हजार 3 सौ 84 रूपए आया है। उन्होंने ये भी कहा कि कंगना रणौत ने फरवरी महीने के बिल में 7 सौ रूपए मासिक बिजली सब्सिडी भी प्राप्त की है।

सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने दावा किया है कि प्रदेश में जल्द ही और कभी भी भाजपा सरकार बन सकती है। सुरेश कश्यप ने आज शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता सुक्खू सरकार की नीतियों से तंग आ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार राज्य को कर्ज के दलदल में धकेल रही है। सुरेश कश्यप ने ये भी कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था खत्म हो गई है और चारों ओर माफियाराज चल रहा है। सुरेश कश्यप ने कहा कि वक्फ बिल का पारित होना केन्द्र सरकार का एक एतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि ये बिल देश को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभाएगा।

## उद्यान उत्सव

राष्ट्रपति निवास मशोबरा 15 से 20 अप्रैल तक आम जनता के लिए राष्ट्रपति निवास में उद्यान उत्सव का आयोजन करेगा। राष्ट्रपति निवास के मैनेजर संजू डोगरा ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि उद्यान उत्सव में प्रवेश निशुल्क होगा और इस उत्सव के लिए राष्ट्रपति निवास सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति निवास में 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। संजू डोगरा ने आम जनता से अपील की है कि वे इस उद्यान उत्सव में पधारें और फूलों का आनंद लें।

## रक्तदान शिविर

हिमाचल प्रदेश राज्य रैडक्रॉस सोसायटी व राष्ट्रीय विधि विश्विविद्यालय शिमला द्वारा आज संयुक्त रूप से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राज्य रैडक्रॉस के सहायक सचिव संजीव कुमार ने बताया कि इस शिविर में 84 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर प्रीति सक्सेना ने इस मौके पर रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट किए।

## पैंशनर

हिमाचल प्रदेश पैंशनर वैल्फेयर एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार से पैंशनरों के लम्बित भुगतान को जल्द जारी करने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आत्मा राम ने आज शिमला में कहा कि लम्बित भुगतान न होने के कारण पैंशनरों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में तीन प्रतिशत डीए की घोषणा की है लेकिन इससे पहले के 8 प्रतिशत डीए को लेकर सरकार मौन बनी हुई है। इससे सरकार की नीति और नियत पर संदेह होता है।

## संजय टंडन

भाजपा के प्रदेश मामलों के केन्द्रीय सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा है कि पिछले एक दशक में देश की अर्थव्यवस्था को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पंख लगे हैं। संजय टंडन ने सोलन जिला के नालागढ़ और दून विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत आयोजित सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी शासनकाल में भारत ने चौगुना प्रगति की है। संजय टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों को जमीन पर उतारा है।